# *पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय*

## मांग संख्या 64

## पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2001-2002 | | | संशोधित 2001-2002 | | | बजट 2002-2003 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| राजस्व | | ... | 7.21 | 7.21 | ... | 6.60 | 6.60 | ... | 6509.43 | 6509.43 |
| *पूंजी* | | ... | ... | ... | ... | *618.14* | *618.14* | ... | ... | ... |
| **जोड़** | | **...** | **7.21** | **7.21** | **...** | **624.74** | **624.74** | **...** | **6509.43** | **6509.43** |
| 1. सचिवालय-आर्थिक सेवाएं | 3451 | ... | 7.21 | 7.21 | ... | 6.60 | 6.60 | ... | 9.43 | 9.43 |
| 2. प्रशासित मूल्य कार्यतंत्र पश्च सब्सिडी और अन्य व्यय | | | | | | | | | | |
| 2.01 एलपीजी और सा.वि.यो. के लिए किरासन पर सब्सिडी | 2802 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 4495.80 | 4495.80 |
| 2.02 माल-भाड़ा सब्सिडी | 2802 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 239.14 | 239.14 |
| 2.03 विदेशी एयर लाइनों को विमानन टर्बाइन ईंधन की बिक्री के लिए प्रतिपूर्ति | 2802 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 229.57 | 229.57 |
| 2.04 अप्रत्यादेय लेवी के लिए प्रतिपूर्ति | 2802 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 1530.49 | 1530.49 |
| | *Total* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | *6495.00* | *6495.00* |
| 3. अधोप्रवाह पेट्रोलियम विनियामक प्राधिकरण | 2802 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 5.00 | 5.00 |
| 4. *सरकारी उद्यमों में आयोजना-भिन्न* | | | | | | | | | | |
| 4.01 ऑयल इंडिया लि.(ओआईएल) | 4802 | ... | ... | ... | ... | 618.14 | 618.14 | ... | ... | ... |
| 5. सरकारी उद्यमों में निवेश | 4802 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | 6802 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| **कुल जोड़** | | ***...*** | ***7.21*** | ***7.21*** | ***...*** | ***624.74*** | ***624.74*** | ***...*** | ***6509.43*** | ***6509.43*** |
| **ख. सरकारी उद्यमों में निवेश** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
| **I. *पैट्रोलियम क्षेत्रः*** | | | | | | | | | | |
| 5.01 तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि. | 12802 | ... | 6073.75 | 6073.75 | ... | 8159.08 | 8159.08 | ... | 8973.31 | 8973.31 |
| 5.02 भारतीय गैस प्राधिकरण लि. | 12802 | ... | 1139.85 | 1139.85 | ... | 724.81 | 724.81 | ... | 1492.95 | 1492.95 |
| 5.03 हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड | 12802 | ... | 1300.00 | 1300.00 | ... | 617.00 | 617.00 | ... | 900.00 | 900.00 |
| 5.04 भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लि. | 12802 | ... | 398.70 | 398.70 | ... | 299.90 | 299.90 | ... | 650.00 | 650.00 |
| 5.05 चेन्नई पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. | 12802 | ... | 599.70 | 599.70 | ... | 399.24 | 399.24 | ... | 1000.00 | 1000.00 |
| 5.06 कोची रिफाइनरीज लि. | 12802 | ... | 525.00 | 525.00 | ... | 68.00 | 68.00 | ... | 75.00 | 75.00 |
| 5.07 बोगाईगांव रिफाइनरी एंड पैट्रो-कैमिकल्स लि. | 12802 | ... | 47.75 | 47.75 | ... | 35.10 | 35.10 | ... | 10.00 | 10.00 |
| 5.08 इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. | 12802 | ... | 5844.92 | 5844.92 | ... | 2615.77 | 2615.77 | ... | 3000.00 | 3000.00 |
| 5.09 आयल इंडिया लिमिटेड | 12802 | ... | 800.01 | 800.01 | ... | 650.00 | 650.00 | ... | 900.00 | 900.00 |
| 5.10 इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड | 12802 | ... | 6.93 | 6.93 | ... | 6.93 | 6.93 | ... | ... | ... |
| 5.11 नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि. | 12802 | ... | 3.25 | 3.25 | ... | 42.00 | 42.00 | ... | 38.00 | 38.00 |
| 5.12 आई.बी.पी. कं. लि. | 12802 | ... | 195.83 | 195.83 | ... | 140.00 | 140.00 | ... | 144.00 | 144.00 |
| **जोड़ - पैट्रोलियम क्षेत्र** | | **...** | **16935.69** | **16935.69** | **...** | **13757.83** | **13757.83** | **...** | **17183.26** | **17183.26** |
| **II. *पैट्रो-रसायन क्षेत्रः*** | | | | | | | | | | |
| 5.13 इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. | 12856 | ... | 155.08 | 155.08 | ... | 185.50 | 185.50 | ... | 722.32 | 722.32 |
| 5.14 भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड | 12856 | ... | 1.30 | 1.30 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.10 | 0.10 |
| 5.15 चेन्नई पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. | 12856 | ... | 0.30 | 0.30 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 5.16 बोंगाईगांव रिफाइनरी एंड पैट्रो-केमिकल्स लि. | 12856 | ... | 4.34 | 4.34 | ... | 13.22 | 13.22 | ... | 7.00 | 7.00 |
| 5.17 भारतीय गैस प्राधिकरण लि. | 12856 | ... | 10.15 | 10.15 | ... | 29.91 | 29.91 | ... | 62.81 | 62.81 |
| 5.18 तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि. | 12856 | ... | 3.32 | 3.32 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| **जोड़ - पैट्रो-रसायन क्षेत्र** | | **...** | **174.49** | **174.49** | **...** | **228.73** | **228.73** | **...** | **792.23** | **792.23** |

(करोड़ रुपए)

| | विकास शीर्ष | बजट 2000-2001 बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | संशोधित 2000-2001 बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं | जोड़ | बजट 2001-2002 बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **III. *इंजीनियरी क्षेत्रः*** | | | | | | | | | | |
| 5.19 आई.बी.पी. कम्पनी लि. | 12858 | ... | 3.41 | 3.41 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 5.20 बामेर लारी एण्ड कम्पनी लि. | 12858 | ... | 20.00 | 20.00 | ... | 10.00 | 10.00 | ... | 10.00 | 10.00 |
| 3.21 बीको लारी लि. | 12858 | ... | 13.75 | 13.75 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 3.00 | 3.00 |
| **जोड़-इंजीनियरी क्षेत्र** | | **...** | **37.16** | **37.16** | **...** | **13.00** | **13.00** | **...** | **13.00** | **13.00** |
| **जोड़** | | **...** | **17147.34** | **17147.34** | **...** | **13999.56** | **13999.56** | **...** | **17988.49** | **17988.49** |
| **ग. आयोजना परिव्यय** | | | | | | | | | | |
| 1. पैट्रोलियम | 12802 | ... | 16935.69 | 16935.69 | ... | 13757.83 | 13757.83 | ... | 17183.26 | 17183.26 |
| 2. पैट्रो-रसायन | 12856 | ... | 174.49 | 174.49 | ... | 228.73 | 228.73 | ... | 792.23 | 792.23 |
| 3. इंजीनियरी | 12858 | ... | 37.16 | 37.16 | ... | 13.00 | 13.00 | ... | 13.00 | 13.00 |
| **जोड़** | | **...** | **17147.34** | **17147.34** | **...** | **13999.56** | **13999.56** | **...** | **17988.49** | **17988.49** |

1. **सचिवालयः** इसके अन्तर्गत मंत्रालय के सचिवालय के व्यय के लिए प्रावधान किया गया है।

2. **ए.पी.एम. पश्च राजसहायता तथा अन्य व्ययः** इसमें (?) जन वितरण प्रणाली के लिए रसोई गैस तथा घरेलू मिट्टी के तेल पर राजसहायता (??) सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लिए खुदरा उत्पादों पर ढुलाई राजसहायता (???) विदेशी एअरलाइनों को ए.टी.एफ. बिक्री पर बिक्री करों पर तेल कंपनियों की वसूलियों के अंतर्गत क्षतिपूर्ति पूरा करने तथा (?=) राज्य सरकारों द्वारा तेल विपणन करने वाली कंपनियों पर उद्ग्रहण की क्षतिपूर्ति के लिए प्रावधान किया गया है।

3. **अधोप्रवाह पेट्रोलियम, विनियामक प्राधिकरणः** इसमें उपभोक्ता हितों की संरक्षा सहित ए.पी.एम. पश्च पेट्रोलियम क्षेत्र के विनियमन के लिए गठित किए जाने वाले प्राधिकरण पर स्थापना सम्बद्ध के लिए प्रावधान किया गया है।

**सार्वजनिक उद्यमों में निवेश**

5.01 **तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि.ः** तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि. (ओ.एनजीसी) की स्थापना देश के पेट्रोलियम संसाधनों, तटीय और अपतटीय दोनों की खोज और दोहन करने के कार्यक्रमों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के उद्देश्य से की गई थी। तेल और प्राकृतिक गैस निगम तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए अनेक परियोजनाएं क्रियान्वित कर रहा है। परिव्यय में सर्वेक्षणों, अन्वेषणात्मक और विकासात्मक ड्रिलिंग,पूंजी अधिग्रहण,जे.वी.सी. भागीदारी, मोर्चा क्षेत्रों और समुद्रपारीय प्रचालन, व्यवहार्यता अध्ययन आदि शामिल हैं।

5.02 **भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेडः** भारतीय गैस प्राधिकरण लि. की स्थापना प्राकृतिक गैस के संसाधन, संवहन तथा विपणन जैसे कार्यों की व्यवस्था के लिए की गई थी । क्रियान्वित की जा रही प्रमुख परियोजनाओं में ये शामिल हैं – गैस पुनःसुधार और विस्तार परियोजना, एल.पी.जी. पाईपलाइन, गंधार में एल.पी.जी/मिट्टी का तेल/नेफ्था परियोजना, दूरसंचार संपर्कों का उन्नयन आदि।

5.03 **हिन्दुस्तान पेट्रोलियम निगम लि.** : इस कम्पनी का मुख्य उद्देश्य कच्चे तेल का शोधन करना तथा पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन करना है। यह कंपनी मुम्बई और विशाख में एच.एस.डी का हाइड्रो असल्फीकरण,विभिन्न स्थानों पर बाटलिंग संयंत्रों, कच्चे तेल और उत्पाद पाइपलाइन आदि जैसी परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रही है।

5.04 **भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेडः** इस कंपनी के उद्देश्य मुख्यतया कच्चे तेल का शोधन करना तथा पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन तथा वितरण करना है। कम्पनी ने अपनी वार्षिक योजना में महाराष्ट्र में डीज़ल हाइड्रोसल्फीकरण, भारत ओमान शोधनशाला में निवेश, बीना में उत्पाद टर्मिनल, जेएनपीटी में पीओएल जेट्टी, विभिन्न स्थानों पर बाटलिंग संयंत्रों आदि के लिए प्रावधान किया है।

5.05 **चेन्नई पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेडः** इस कम्पनी की स्थापना शोधनशाला स्थापित करने तथा चलाने के उद्देश्य से की गई है। इस कम्पनी द्वारा क्रियान्वित की जा रही मुख्य परियोजनाओं में उत्पाद गुणवत्ता सुधार, एचएसडी, कच्चे तेल की पाइपलाइन, शोधनशाला विस्तार, कावेरी बेसिन शोधनशाला तक कच्चा तेल लाने के लिए सुविधाएं आदि हैं।

5.06 **कोची रिफाईनरीज लि.** : इस कपंनी की स्थापना कच्चे तेल का शोधन करने तथा विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करने के लिए की गई थी। कंपनी की वार्षिक आयोजना में डी.एच.डी.एस परियोजना, शोधनशाला विस्तार, अतिरिक्त एल.पी.जी. रिकवरी सुविधाओं, आदि जैसी परियोजनाओं के लिए प्रावधान शामिल है।

5.07 **बोंगाईगांव रिफाइनरी और पैट्रो-केमिकल्स लि.ः** इस कम्पनी की स्थापना कच्चे तेल का शोधन करने और ज़ाइलीन, डीएमटी, पीएसएफ का उत्पादन करने वाले पेट्रो-रसायन एकक की स्थापना करने के लिए की गई थी। रिफाइनरी इन्स्ट्रुमेन्टेशन के लिए डी.सी.एस. एल.पी.जी. बॉटलिंग संयंत्रों, आयातित कच्चे तेल के भण्डारण आदि के लिए प्रावधान किया गया है।

5.08 **भारतीय तेल निगम लि.ः** भारतीय तेल निगम लि. पाइपलाइनों का प्रचालन करता है तथा आयातित एवं देशीय कच्चे तेल का शोधन करता है और पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन करता है। इसकी गुवाहाटी, बरौनी, कोयाली, हल्दिया, मथुरा तथा दिगबोई में शोधनशालाएं हैं। परिव्यय में बरौनी शोधनशाला के विस्तार, हाल्दिया, गुजरात, मथुरा में एचएसडी के लिए गुणवत्ता सुधार पूर्वी क्षेत्र में आधारभूत रिफाइनरी, गुजरात में अपशिष्ट पदार्थ उन्नयन, हल्दिया में ल्यूब गुणवत्ता सुधार के कार्यान्वयन आदि के लिए प्रावधान शामिल है।

5.09 **आयल इण्डिया लि.ः** आयल इणिडया लि. देश में तेल की खोज और उत्पादन में लगा है। इसने ड्रिलिंग और सर्वेक्षणों, बह्मपुत्र अन्वेषण परियोजना, समुद्रपारीय अन्वेषण विकास परियोजनाओं, एनईएलपी भागीदारी, आदि के लिए प्रावधान किया है।

5.11 **नुमालीगढ़ रिफाइनरी** : यह आई.बी.पी. कंपनी लि., भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लि. तथा असम सरकार की एक संयुक्त उद्यम कम्पनी है। यह असम में नुमालीगढ़ में 3 एम.एम.टी.पी.ए. रिफाइनरी को क्रियान्वित करेगी तथा वैक्स संयंत्र को स्थापित करेगी।

5.12 **आई.बी.पी. कम्पनी लि.ः** यह कम्पनी पैट्रोलियम उत्पादों के विपणन तथा हाई वैक्यूम उपस्करों और विस्फोटक पदार्थो के विनिर्माण में लगी है।

5.20 **बामेर लारी लि.ः** यह कम्पनी स्नेहन ग्रीज़ और ल्यूब बैरलों का निर्माण करती है, चाय का निर्यात, उत्पादों का विपणन तथा यात्रा और नौवहन से संबंधित कारोबार करती है।

5.21 **बीको लॉरी लि.** : इस कंपनी का मुख्य कार्यकलाप स्विचगीयरों का विनिर्माण करना है।